निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

15 आषाढ़ 1948 (श0)
(सं0 पटना 727) पटना, सोमवार, 6 जुलाई 2026

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना
6 जुलाई 2026

सं0–एम०–2–02/2026–39—बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन 2026– लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 150 की उपधारा (1), धारा 30 और धारा 56 के अनुसरण में बिहार राज्य की विधान सभा में 182–बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से कराये जाने वाले उप निर्वाचन से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या–100/पूर्व अनु०–1/बिहार–वि०स०/01/2026 (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति में) को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
माधव कुमार सिंह,
अपर सचिव–सह–
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

भारत निर्वाचन आयोग

अधिसूचना

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 तारीख–06 जुलाई 2026 15 आषाढ़, 1948 (शक)

सं0 100/पूर्व अनु0–1/बिहार–वि0स0/01/2026:- **यतः** बिहार राज्य की विधान सभा में 182–बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य श्री नितिन नवीन द्वारा पद से त्यागपत्र दिये जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 30 मार्च, 2026 से उनका स्थान रिक्त हो गया है; और

2. यतः इस प्रकार हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से उप–निर्वाचन कराया जाना है; और

3. अतः, अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 150 की उपधारा (1) और धारा 30 और 56 के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा:–

(अ) बिहार राज्य से उक्त 182–बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से यह अपेक्षा करता है कि उक्त अधिनियम के और तद्धीन बनाये गये नियमों और किये गये आदेशों के उपबन्धों के अनुसार 04 अगस्त, 2026 (मंगलवार) से पूर्व एक व्यक्ति को राज्य की विधान सभा में हुई उक्त रिक्ति को भरने के प्रयोजन से निर्वाचित करें;

(आ) उक्त निर्वाचन के सम्बन्ध में :–

(क)	नाम निर्देशन करने की अन्तिम तारीख	:	13 जुलाई, 2026 (सोमवार)
(ख)	नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तारीख	:	14 जुलाई, 2026 (मंगलवार)
(ग)	अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अन्तिम तारीख	:	16 जुलाई, 2026 (वृस्पतिवार)
(घ)	**वह तारीख जिसको, यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा**	:	**30 जुलाई, 2026 (वृस्पतिवार)**
(ड.)	वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा	:	04 अगस्त, 2026 (मंगलवार)

नियत करता है; और

(इ) **7.00 बजे पूर्वाह्न से 6.00 बजे अपराह्न** तक का समय ऐसे समय के रूप में **नियत करता है** जिसके दौरान, यदि आवश्यक हुआ तो, निर्वाचन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट तारीख को मतदान होगा।

आदेश से,
तनुज कुमारी,
सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

NOTIFICATION

Nirvachan Sadan, Ashok Road, New Delhi-110001 Dated 06th July 2026
15 Ashadha 1948 (Saka)

No.100/ES-I/BR-LA/01/2026.—WHEREAS, the seat of **Sh. Nitin Nabin**, in the Legislative Assembly of the State of Bihar, elected from **182-Bankipur** Assembly Constituency in the State, has become vacant on **30th March, 2026** by reason of his resignation from the post; and

2. WHEREAS, a bye-election is to be held for the purpose of filling the said vacancy;

3. NOW, THEREFORE, in pursuance of sub-section (1) of section 150, sections 30 and 56 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election Commission of India hereby-

(A) **Calls upon** the said **182-Bankipur** Assembly Constituency in the State of Bihar, to elect, before the **04 August, 2026 (Tuesday)** and in accordance with the provisions of the said Act and of the rules and orders made thereunder, a person, for the purpose of filling the said vacancy in the Legislative Assembly of the State ;

(B) **Appoints**, with respect to the said election:-

(a)	the 13th July, 2026 (Monday)	as the last date for making nominations ;
(b)	the 14th July, 2026 (Tuesday)	as the date for the scrutiny of nominations ;

(c)	the 16th July, 2026 (Thursday)	as the last date for the withdrawal of candidatures;
(d)	**the 30th July**, 2026 **(Thursday)**	**as the date on which a poll shall, if necessary, be taken;** and
(e)	the 04th August, 2026 (Tuesday)	as the date before which the election shall be completed;

and

(C) **Fixes the hours** from **7.00 A.M to 6.00 P.M** as the hours during which the poll shall, if necessary, be taken on the date specified above for the election.

By order,
TANUJ KUMARI,
SECRETARY,
ELECTION COMMISSION OF INDIA.

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 727-571+50-डी०टी०पी०।
Website: https://egazette.bihar.gov.in